डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 160 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शुक्रवार 22 मार्च 2024 | मूल्य 2 रुपया




## ✲ श्री अमरनाथ यात्रा ✲



## इस बार सिर्फ 45 दिन ही होंगे बाबा बर्फानी के दर्शन

**नई दिल्ली, 21 मार्च।** अगर इस साल बाबा बर्फानी के दर्शन करने जाना चाहते हैं तो आपके लिए खुशखबरी है, क्योंकि सरकार की ओर से अमरनाथ यात्रा का टाईम टेबल जारी हो चुका है। साथ ही समापन की तिथि भी आ गई है। जानकारी के मुताबिक इस बार सिर्फ 45 दिन ही बाबा बर्फानी के दर्शन भक्तगण कर पाएंगे।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अमरनाथ यात्रा का रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल सोमवार से शुरू हो जाएगा। बता दें कि इस यात्रा को करने के लिए कई कंडीशन भी सरकार द्वारा जारी की गई है। यानि प्रति यात्री को शारीरिक तौर पर फिट रहना जरूरी होगा। अमरनाथ यात्रा करने वालों को मेडिकल सर्टिफिकेट के साथ और भी कई दिशानिर्देशों का पालन करना जरूरी होता है।

### इस दिन शुरू होगी अमरनाथ यात्रा...

बता दें अमरनाथ यात्रा की देश में बहुत मान्यता है। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से भी यह यात्रा काफी जोखिम भरी होती है। इसलिए सरकार पूरी तैयारी के बाद ही इसका टाईम टेबल घोषित करती है। इसमें शुभ तिथि आदि का भी बड़ा महत्व होता है। 2024 की अमरनाथ यात्रा शोभन योग और आषाढ़ माह के कृष्ण पक्ष की अष्मी तिथि में शुरू होगी। यानि 29 जून को अष्मी तिथि दोपहर 02.19 शाम तक इसे शुरू करने की बात कही जा रही है। वहीं शोभन योग प्रात:काल से शाम 06.54 तक है। उस दिन उत्तर भाद्रपद नक्षत्र सुबह 08.49 तक है, उसके बाद रेवती नक्षत्र है।

### इस दिन होगा समापन...

अमरनाथ यात्रा की शुरुआत ही नहीं बल्कि समानपन की तिथि भी घोषित कर दी गई है। जानकारी के मुताबिक इस साल की अमरनाथ यात्रा 19 अगस्त को समाप्त की जाएगी। यानि उस दिन सावन पूर्णिमा तिथि, सावन का पांचवा सोमवार और भाई बहन के प्रेम का त्योहार रक्षाबंधन भी होगा। ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक उस दिन शोभन योग होगा। बता दें कि देश में अमरनाथ यात्रा बहुत महत्व है। हर साल लाखों श्रद्धालु पूरे विधि विधान से यात्रा को पूरा करते हैं।

### यह है यात्रा का पौराणिक महत्व...

अमरनाथ यात्रा के लिए देश में कई बाते कहीं जाती हैं। यदि इसके पौराणिक महत्व की बात करें तो बाबा अमरनाथ की पवित्र गुफा में भगवान शिव ने माती पार्वती को अमरत्व की कथा सुनाई थी। जिसमें बताया जाता है कि माता पार्वती को कथा के बीच में ही नींद आ गई थी। साथ ही गुफा में भगवान शिव और माता पार्वती के अलावा कबूतर का एक जोड़ा भी मौजूद था। इस जोड़े ने अमृत्त्व की कथा को सुन लिया था। बताया जाता है कि भगवान शिव नहीं चाहते थे कि अमरत्व की कथा देवी पार्वती के अलावा कोई और सुने। इसलिए उन्होंने कैलाश से चलते समय नंदी, गणेश जी, वासुकी समेत अन्य गणों को रास्ते में ही छोड़ दिया था।

# पांच बार टेंडर प्रक्रिया, नहीं बना पुल

## चार साल में नहीं जोड़ पाए एमपी-राजस्थान

### बाढ़ ने तोड़ा था चंबल नदी पर बना पुल



**मंदसौर, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मप्र व राजस्थान को जोड़ने वाले सीतामऊ व चौमहला के बीच चंबल नदी पर बना ब्रिज 2019 की बाढ़ में बह गया था। दोनों राज्यों की सरकार इस पुल को चार साल में नही बना सकी। इसे फिर से बनाने के लिए पांच बार टेंडर प्रक्रिया हुई। लेकिन, सभी निरस्त हो गई। ऐसे में अब निर्माण के अभी भी अते-पते नहीं है। अधिकारियों के अनुसार छठवीं बार प्रक्रिया पूरी होने जा रही है।

### दोनों सीएम देते आ रहे आश्वासन...

दो राज्यों के मुख्यमंत्री मिलकर एक पुलिया की मरम्मत चार साल बाद भी नहीं करा पाए। इसके अलावा मंत्री लगातार आश्वासन देते रहे। बता दे कि जिले की सुवासरा विस क्षेत्र में चंबल नदी पर बनी पुलिया की जो राजस्थान के चोमहेला क्षेत्र को जिले से जोड़ती है। वर्ष 2019 की बाढ़ के दौरान पुलिया का आधा हिस्सा बह गया था। इसके बाद राजस्थान और मंदसौर जिले के इस पुलिया से आवाजाही करने वाले लोगों को पिछले चार सालों से परेशानियों का सामना करना पड रहा है। यात्री वाहनों को भी दिक्कत हो रही है। दो राज्यों को जोडने वाले पुल के बहने से दो राज्यों का संपर्क टूट गया है।

### उपचुनाव के बाद बीते चुनाव में भी था मुद्दा...

दो राज्यों की सरकार भी मिलकर इस पुलिया का निर्माण नहीं करा पाई है। न राजस्थान की कांग्रेस सरकार और बीजेपी सरकार ने इस काम में रुचि ली और न ही मप्र सरकार इस पुलिया को चार साल में बनवा सकी। इधर बात करें तो जिस विस क्षेत्र से यह पुलिया राजस्थान को जोड़ती है। उस विस क्षेत्र में विधायक मप्र सरकार में मंत्री भी रहे। लंबे समय से चंबल नदी पर पुल निर्माण की मांग के साथ आम लोग इसके निर्माण शुरु होने की उम्मीद लगाए बैठे है लेकिन मंजूरी के बाद यह प्रक्रियाओं में ही उलझकर रह गया है। 2019 में आई बाढ़ के बाद सुवासरा विधानसभा में उपचुनाव हुआ तब भी यह बड़ा मुद्दा था। मंजूरी मिली लेकिन निर्माण नहीं हो सका। इसके बाद फिर विस चुनाव में पुल मुद्दा बना।

### दोनों राज्यों के सीएम ने भी आपस में की बात...

इस पुल के निर्माण के लिए राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुधंरा राजे तक ने मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान से फोन पर बात की थी तो पुल बहने के बाद प्रदेश में हुए सत्ता परिवर्तन के बाद इसके निर्माण का मुद्दा प्रतिष्ठा का प्रश्न बना ओर मांग बढने लगी। ऐसे में प्रदेश सरकार ने चंबल नदी पर 18 करोड़ 64 लाख रुपए में पुल निर्माण की मंजूरी दे दी। लेकिन, अब तक टेंडर प्रक्रिया ही चल रही है। विभाग ने चार बार टेंडर बुलाए, लेकिन काम नहीं बना। इसके बाद छठी बार प्रक्रिया के दौरान आचार संहिता लग गई। इसके बाद एक बार फिर लोस चुनाव को लेकर आचार संहिता लग चुकी है।


### राजनीति से लेकर व्यापारीक दृष्टिकोण से अहम है चंबल का पुल...

चंबल नदी का यह पुल जिले सहित सुवासरा विधानसभा के लिए बड़ा मुद्दा है। वर्ष 2019 में जब बाढ आई ओर पुल बहा था तब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी। सरकार ने बाढ़ में हुए नुकसान पर रिपोर्ट तो मांगी। लेकिन, इस पुल के निर्माण को मंजूरी नहीं मिली। इस बीच प्रदेश मे सत्ता परिवर्तन हुआ और क्षेत्र के कांग्रेस के विधायक रहे हरीदीपसिंह डंग भाजपा में आए ओर कैबिनेट मंत्री बने तो पुलिया निर्माण की मंजूरी की मांग ओर लोगों की उम्मीदें भी बढ़ती चली गई। इसके बाद प्रदेश सरकार ने बजट के दौरान इस पुलिया निर्माण को मंजूरी दी। लेकिन सालभर बीतने के बाद भी इसका निर्माण शुरु होने की प्रक्रिया ही चल रही है। ऐसे में दो राज्यों को जोड़ने वाला यह पुल राजनीति से लेकर आवागमन सहित व्यापारिक दृष्टि से भी अहम है। चंबल नदी पर बना हुआ यह पुल मंदसौर जिले को राजस्थान से सीधा जोड़ता है। वर्तमान में पुल के अभाव में चोमहेला से सुवासरा, शामगढ़ सहित जिले में आवाजाही करने वाले लोगों को परेशान होना पड़ता है।

### लंबा चक्कर लगने से समय और धन हो रहा बर्बाद...

ब्रिज बह जाने के बाद दीपाखेड़ा, दलावदा, ढंडेरा, साताखेड़ी, लदुना आदि गांव में व्यापार-व्यवसाय प्रभावित हुआ है। अभी ब्रिज नहीं होने पर यदि मंदसौर-सीतामऊ से चौमहला जाना है तो सुवासरा होकर या आलोट होकर जाना पड़ता है। इससे लोगों को 50 से 60 किमी का अतिरिक्त सफर करना पड़ रहा। इससे समय व धन दोनों की बर्बादी हो रही है।

# कांग्रेस: एक बार फिर बाहरी उम्मीदवार देने की तैयारी..!



**मंदसौर, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** नई दिल्ली में कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक के बाद शाम को कांग्रेस द्वारा 57 लोक सभा उम्मीद्वारों के नामों की घोषणा कर दी। लेकिन मध्य प्रदेश के उम्मीदवारों के नामों की घोषणा देर रात तक नहीं हो पाई। प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने एक बयान में कहा कि जीतने वाले उम्मीद्वारों को टिकीट दिए जा रहे है। देर रात या शुक्रवार सुबह नामों की घोषणा कर दी जाएगी। इधर जिन 18 जगहों पर उम्मीद्वारों की घोषणा करना है। उनमें मंदसौर संसदीय क्षेत्र को छोड़कर सभी जगहों पर सिंगल नाम ही चर्चाओं में है। मंदसौर में खाचरौद- नागदा के पूर्व विधायक दिलीप गुर्जर को मैदान में उतारने की संभावना है। वह एक दिन पहले मंदसौर भी पहुंच गए और यहां कार्यकर्ताओं नेताओं से भी मिले। लेकिन दिलीप के साथ नीमच के पूर्व विधायक नंदकिशोर पटेल, मंदसौर के युवा नेता सोमिल नाहटा, जिला पंचायत सदस्य जगदीश फौजी, नीमच के युवा नेता भानुप्रताप सिंह राठौर के नाम की चर्चा भी सामने आई है।

बता दे की दिलीप गुर्जर संसदीय क्षेत्र से बाहर के है। बाहरी उम्मीद्वार की बात करें तो दोनों ही दलों ने ज्यादा मौके नहीं दिए। पूर्व मुख्यमंत्री और सांसद कैलाशनाथ काटजू कश्मीरी पंडित जरुर थे। लेकिन, उनके पिता जावरा आ गए थे। यहीं कैलाशनाथ काटजू का जन्म हुआ। इसके अलावा पूर्व सांसद कांग्रेस नेत्री मीनाक्षी नटराजन यहां से तीन बार चुनाव लड़ी। इसमें एक बार चुनाव जीती। इसके अलावा स्वतंत्र सिंह कोठारी भी कोलकाता से यहां आकर चुनाव लड़े थे।

### कलकत्ता से आकर चुनाव लडे और सांसद बने कोठारी रहे चर्चा में....

वर्ष 1967 में जनसंघ के टिकट पर कोलकाता (कलकत्ता) से सीए स्वतंत्र सिंह कोठारी चुनाव लडने आए। राजनीतिक जानकारी रखने वाले बुजुर्ग बताते हुए आरोप लगाते हैं कि धनबल से इस चुनाव में स्वतंत्र सिंह कोठारी ने टिकीट खरीदा था। वहीं एक बड़े उद्योगपति ने उनकी मदद की थी। उनके प्रचार में भी खूब तडक-भडक रही। पहली बार जीप से प्रचार हुआ। उस समय के साक्षी रहे बुजुर्ग बताते हैं कि तब जनसंघ के नेताओं व कार्यकर्ताओ की मेहनत से कोठारी चुनाव जीत गए। मंदसौर संसदीय क्षेत्र में किसी भी चुनाव में यह पहली बार हुआ कि उम्मीदवार जीतने के बाद कभी क्षेत्र में नहीं दिखाई दिया। कोठारी जीतने के बाद कोलकाता गए तो फिर पलटकर नहीं आए। उन्होंने मंदसौर संसदीय क्षेत्र पर ध्यान ही नहीं दिया।

### नीमच से बने दो सांसद...

अब नीमच के नंदकिशोर पटेल को भी कांग्रेस मैदान में उतार सकती है। उनके नामों की चर्चा भी भोपाल के गलियारों में गूंज रही है। बात करें नीमच की तो यहां से उम्मीद्वारों को ज्यादा मौके नहीं मिले। तीन बार तो लगातार मीनाक्षी नटराजन ने मंदसौर से चुनाव लड़ा। वहीं नीमच से सांसद बनने वाले नेता सिर्फ दो ही रहे है। 1962 में जनसंघ से उमाशंकर त्रिवेदी और 1984 में बालकवि बैरागी उर्फ नंदराम दास कांग्रेस से चुनाव लड़कर सांसद बने।

# अपहृत युवती 1 हजार किमी दूर यूपी से की बरामद

## महाराष्ट्र का अपहर्ता युवक और उसकी बहन गिरफ्तार, पूछताछ जारी

**मंदसौर, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस। शहर से अपहृत युवती को पुलिस ने एक हजार किमी दूर उत्तरप्रदेश के एक गांव से बरामद किया है। अपहरण और बलात्कार के इस मामले में पुलिस ने फिरोज उर्फ अजय को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं आपराधिक कृत्य में सहयोग करने वाले फिरोज की बहन को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया है।**

शहर कोतवाली पुलिस ने बताया कि 10 मार्च को परिजनों द्वारा पीड़िता के गुम होने की सूचना मिली। इसके बाद प्रकरण दर्ज किया गया। जांच पड़ताल कर पुलिस ने महाराष्ट्र में दबिश दी। यहां जांच पड़ताल कर आरोपी की जानकारी मिली। आरोपी फिरोज उर्फ अजय पिता रईस खान निवासी उल्हास नगर महाराष्ट्र के उप्र के बहराइच जिले में होने की सूचना मिली। मंदसौर पुलिस ने एक हजार किमी दूर बहराच में दबिश दी। यहां से पीड़िता को दस्तयाब किया गया। वहीं आरोपी फिरोज को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी फिरोज उर्फ अजय के विरुद्ध बलात्कार, अपहरण एवं धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम से संबंधित सुसंगत धाराओं के तहत अपराध धारा 365, 366, 376, 376(2)(ठ), 342, 212, 506, 34 भादवि एवं 3/5 मध्यप्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2021 पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण में सहयोगिया आरोपी की बहन सोफिया को भी आरोपी बनाया गया है। उक्त प्रकरण में आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

उक्त कार्यवाही में निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ थाना प्रभारी कोतवाली, उनि रितेश नागर, उनि शैलेन्द्र सिंह कनेश, उप निरीक्षक विनय बुंदेला, उपनिरीक्षक उमा दोहरे, सउनि कांता भाभर, प्रआर महिपाल सिंह, आशिष बैरागी सायबर सेल, हरीश यादव, आर. मनीश बघेल सायबर सेल की सराहनीय भूमिका रही। जिन्हें वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।

# रेलवे: वलसाड़-हिसार स्पेशल ट्रेन चलेगी

## सुबह 8.30 बजे और रात को 9.42 पर पहुंचेगी मंदसौर

**मंदसौर, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** रेलवे ने वलसाड़-हिसार के बीच एक-



एक फेरा स्पेशल ट्रेन का संचालन करने का फैसला किया है। यह ट्रेन 23 और 24 मार्च को संचालित होगी। इसके साथ ही इसमें स्पेशल किराया भी लगेगा। यह ट्रेन मंदसौर से होकर गुजरेगी। ऐसे में होली के पर्व पर शहरवासियों को इसका फायदा मिलेगा। ट्रेन सुबह 8.30 बजे और रात को 9.42 पर मंदसौर पहुंचेगी।

आगामी होली के पर्व को देखते हुए पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल से होकर गुजरने वाली वलसाड-हिसार स्पेशल ट्रेन का 23 व 24 मार्च को संचालन होगा। दोनों स्टेशनों के बीच एक-एक फेरा होगा। साथ ही इसमें स्पेशल किराया भी लगेगा। गाडी संख्या 09091 वलसाड-हिसार स्पेशल, शनिवार को वलसाड से देर रात 00.20 बजे रवाना होगी। जो रतलाम मंडल के दाहोद (05.03/05.05, शनिवार), रतलाम (06.45/06.55), मंदसौर (08.30/08.32), नीमच (09.18/09.20) होते हुए शनिवार सुबह 10.40 पर चित्तौड़ पहुंचेगी। चित्तौड़ से यह ट्रेन 10.50 पर रवाना होकर शनिवार को ही रात के 23.40 बजे हिसार पहुंचेगी।

### हिसार से आने के दौरान शाम को पहुंचेगी ट्रेन

इसी तरह, गाड़ी संख्या 09092 हिसार-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल ट्रेन रविवार को हिसार से 7 बजे रवाना होगी। रतलाम मंडल के चित्तौड़गढ़ शाम को 19.20 पर पहुंचेगी और वापस 19.30 पर रवाना होकर नीमच (20.50/20.52), मंदसौर (21.42/21.44), रतलाम (23.15/23.25), दाहोद (00.55/00.57, सोमवार) होते हुए सोमवार सुबह 7 बजे वलसाड पहुंचेगी।

### इन स्टेशनों पर होगा ठहराव...

इस ट्रेन में 20 स्लीपर श्रेणी के कोच रहेंगे। इसका दोनों दिशाओं में सूरत, भरुच, वडोदरा, दाहोद, रतलाम, मंदसौर, नीमच, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, अजमेर, किशनगढ, फुलेरा, रींगस, नीम का थाना, नारनौल, रेवाड़ी और भिवानी स्टेशनों पर ठहराव होगा।

# शिकायतकर्ता की लोकेशन, मेप से करेगा ट्रैक

## 100 मिनट में देगा स्टेटस अपडेट, आचार संहिता उल्लंघन की ऐसे करें रिपोर्ट

**इंदौर, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** चुनाव आयोग की घोषणा के अनुसार इस बार लोकसभा चुनाव 7 चरणों में होंगे, जिसकी गिनती 4 जून को होगी। वर्तमान सरकार का कार्यकाल 16 जून को समाप्त हो रहा है। इसके साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। इसके तहत राजनीतिक दलों के पदाधिकारी, चुनाव प्रत्याशियों को नई योजनाओं की घोषणा करने या जाति के आधार पर एक-दूसरे की आलोचना करने से प्रतिबंधित किया गया है। इसके अलावा अब वे सांप्रदायिक भावनाओं का इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे या मतदाताओं को मुफ्त उपहार नहीं दे सकते। टेक्नोलॉजी के इस दौर में यह ऐप भी निगरानी करेगा। आइये समझते हैं कि यह ऐप क्या है, कैसे काम करता है और यह आचार संहिता के उल्लंघन को किस तरह से ट्रैक करके रिपोर्ट करेगा।

### आईओएस और एंड्रायड दोनों पर उपलब्ध...

सीविजिल ऐप का पूरा नाम विजिलेंट सिटीजन है। यह देश के सभी नागरिकों को निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने में सक्रिय भूमिका निभाने का अधिकार देता है। यह आईओएस और एंड्रायड दोनों डिवाइस पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध है। यदि यूजर्स चाहें तो गुमनाम रूप से शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

### यूजर्स के स्थान का ऑटोमेटिक लगाएगा पता...

आचार संहिता के उल्लंघनों पर नजर रखने के लिए चुनाव आयोग ने सीविजिल ऐप पेश किया है। यह यूजर फ्रेंडली ऐप नागरिकों को इमेज, वीडियो या ऑडियो रिकॉर्डिंग अपलोड करके उल्लंघन की रिपोर्ट करने की सुविधा देता है। ऐप ऑटोमेटिक रूप से यूजर्स के स्थान का पता लगाता है।

### जुटाता है डिजिटल साक्ष्य...

इस ऐप को चुनाव अधिसूचना की तारीख से ही आचार संहिता के उल्लंघन की रिपोर्ट करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह शिकायतकर्ता के स्थान डेटा के साथ लाइव फ़ोटो/वीडियो कैप्चर करता है, जिससे त्वरित कार्रवाई के लिए डिजिटल साक्ष्य सुनिश्चित होता है।

### ऐसे काम करता है एप...

**स्टेप 1:** जब कोई यूजर आचार संहिता के उल्लंघन का एक फोटो खींचता है या 2 मिनट का वीडियो रिकॉर्ड करता




है और इसे ऐप पर अपलोड करता है तो यह ऐप एक्टिव हो जाता है। यह जीआईएस से ऑटोमेटिक मैप करेगा। जगह का पता लगाएगा। शिकायत दर्ज करने के बाद यूजर्स को शिकायत की स्टेटस पर नज़र रखने और आगे की कार्रवाई की जानकारी प्राप्त करने के लिए मोबाइल पर एक विशिष्टआईडी प्राप्त होती है। यूजर इस तरीके से कई घटनाओं की रिपोर्ट भी कर सकता है और आगामी अपडेट के लिए प्रत्येक रिपोर्ट के लिए एक विशिष्टआईडी प्राप्त करेगा।

**स्टेप 2:** शिकायत किए जाने के बाद इसकी सूचना... **शेष पेज 3 पर**

# देवी शक्ति माना तो कृपा भी बरसी..!

## कोई पहली बार में मुख्यमंत्री तो कोई तीसरी बार लोकसभा प्रत्याशी भी बना

**मंदसौर/उज्जैन, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जब से एनडीए सरकार का नेतृत्व कर रही भाजपा के नेता नरेंद्र मोदी बने हैं, तभी से भाजपा एक दशक में राजनीतिक संगठन से बदलकर कॉरपोरेट लाभ कमाने वाली और वर्चस्व जमाने वाली संस्था बन गई है। केंद्रीय भाजपा की सरकार डबल इंजन नेतृत्व के हवाले कर दी गई और इन्हीं के मार्गदर्शन या वैचारिक व्यवस्थाओं को भाजपा संगठन में धीरे-धीरे स्थापित कर दिया गया। आज संगठन और सरकार में सिर्फ एक व्यक्ति के विचार, कार्य प्रणाली और निर्देश सुने और माने जा रहे हैं। फिर चाहे पंचायत से लेकर केंद्र तक के चुनाव हो या विपक्षियों और आलोचकों से मुकाबला करना हो, जवाब में क्या कहना है, कैसे करना है और प्रचारित क्या करना है, सभी कुछ केंद्रीय नेतृत्व तय करता है। फिर मामला चाहे लोकसभा, विधानसभा, नगर पालिका या जनपद पंचायत का हो। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के रहते वर्तमान केन्द्र सरकार के नेतृत्व ने सब कुछ ऐसे हथिया लिया, जैसे कार्यकर्ता की मुट्ठी से रेत निकल गई।



चन्द्रमोहन भगत

खुद कार्यकर्ता महसूस करने लगे की भाजपा कार्यकर्ता से पार्टी लाइन पर चलते हुए कब निजी नेतृत्व के गूंगे बहरे कार्यकर्ता हो गए, पता ही नहीं चला! चूंकि सकारात्मक नतीजे आते रहे केंद्र से लेकर कई राज्यों में सरकार बनने लगीतो बढ़ते प्रभुत्व के नशे ने एहसास ही नहीं होने दिया कि मानसिक गुलामी के शिकंजे में जकड़ा गए हैं। ऐसा महसूस करने वालों में अनुभवी और प्रत्याशी की दौड़ में शामिल कार्यकर्ता भी है। भाजपा के इस नए दौर में टारगेट भी ऊपर से दिए जाते हैं और इसे पाने के तरीके भी सिद्धांत और स्वस्थ राजनीति से कोसों दूर, गैर राजनीतिक और व्यक्तिगत आक्षेप के प्रयोग किए जाने की छूट मिली हुई है। बस टारगेट पूरा करना उद्देश्य होता है, यही हालात भाजपा के राष्ट्रीय स्तर के दोयम दर्जे के नेताओं के साथ गुजर रहें है। थोड़ा समय पीछे के परिदृश्य को याद करें, तब लोकसभा चुनाव की घोषणा होने के पहले की बात है। भाजपा की तरफ से ही खबरें बाहर की गई थी कि दो बार सांसद रह चुके कार्यकर्ताओं नेताओं को तीसरी बार लोकसभा प्रत्याशी नहीं बनाया जाएगा। 160 से अधिक सांसद प्रत्याशी बदले जाएंगे। पिछड़ा वर्ग को मत प्रतिशत के अनुपात में प्रत्याशी दिए जाएंगे और महिला प्रत्याशियों की संख्या भी डबल की जाएगी। तब एकदम से नए कार्यकर्ताओं ने प्रत्याशी बनने की होड़ शुरू कर दी थी। यहां तक की वार्ड पार्षद, जनपद सदस्य से लेकर मंडल पदाधिकारी तक शामिल थे। ऐसा बंटवारा हुआ भी, पर सतही अनुमान से बहुत ही कम अनुपात में।

खैर अब प्रत्याशी घोषित हो चुके हैं, कहीं पार्षद तो कहीं संगठन पदाधिकारी, कहीं महिला तो कहीं हारे हुए विधानसभा प्रत्याशी को भी लोकसभा प्रत्याशी बनाया गया है। सूत्रों की माने तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नेता मानने वालों की संख्या देश में किसी भी दल के राजनीतिक नेता से बहुत अधिक है। सांसद, केंद्रीय मंत्रीगण और संगठन पदाधिकारी का समर्पण किसी दास से भी आगे बढ़कर काल्पनिक स्तर तक पहुंच गया है। जिनके दावे हैं कि हमारे तेजस्वी नेता में भगवान श्री कृष्ण जैसी राजनीतिक दक्षता और विष्णु जैसा दर्शन है। जाहिर है परमेश्वर को मानने वालों पर भी उसकी मेहरबानी, कृपा भी बरसने के ग्रंथों मे अनेक प्रसंग मिलते हैं। वैसे ही अपने नेता को सर्वशक्तिमान मानने वालों पर शीर्ष नेता की मेहरबानी ऐसी बरसी की कोई तीसरी बार भी प्रत्याशी बनाया गया तो किसी क्षेत्र से महिला पार्षद को लोकसभा प्रत्याशी बनाया गया। इसके पहले राजस्थान में पहली बार विधायक बने भजन लाल शर्मा को मुख्यमंत्री बनवा दिया। मध्य प्रदेश में अनेक वरिष्ठों को नजरअंदाज कर डॉक्टर मोहन यादव को मुख्यमंत्री बना दिया। हाल ही में हरियाणा में नायब सैनी को मुख्यमंत्री बनवाया है। यह मानव स्वभाव ही है कि किसी पर कोई इतनी अनपेक्षित कृपा बरसा दे तो स्वत: कृपा करने वाले को देवतुल्य मान ही लिया जाएगा।

# दलौदा पुलिस ने पकड़ा शातिर चोर...



**मंदसौर, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** दलौदा पुलिस ने क्षेत्र में हुई कई चोरियो के सरगना बदमाश को दबोच लिया है। उसने करीब 5 - 7 चोरिया कबूल भी कर ली है। लेकिन, उसके साथी अभी पुलिस के हाथ नही लगे है। पुलिस उन्हें भिंडाबोचने के प्रयास में लगी हुई है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने दलौदा सहित थाना क्षेत्र की लगभग 7 चोरियो के आरोपी को दबोचा है। उसने अपने साथियों के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। उससे चोरी किया मशरूका भी बरामद किया गया है। पुलिस को उसके साथियों को तलाश रही है। इस मामले में थाना प्रभारी बलदेव सिंह का कहना है की हम अभी फरार बदमाशो को तलाश रहे है। चोरो को गैंग भी जल्द ही दबोच लेंगे।



# डॉ. अनिजवाल, अतिरिक्त संचालक उज्जैन ने किया पीजी कॉलेज का भ्रमण

**मंदसौर, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के प्राचार्य डॉ. एल.एन. शर्मा ने बताया कि महाविद्यालय में नेक की तैयारी, छात्रवृत्ति एवं सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करने हेतु अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग, उज्जैन डॉ. एच.एल. अनिजवाल ने पी.जी. कॉलेज, मंदसौर का दौरा किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. बीआर नलवाया ने अतिरिक्त संचालक उज्जैन डॉ. अनिजवाल का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया एवं उन्हें नेक मूल्यांकन, सीएम हेल्पलाइन एवं छात्रवृत्ति के कार्यों को सुचारु रूप से पूर्ण कर सकें, तदर्थ मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु कहा।

कार्यक्रम में अतिरिक्त संचालक, उज्जैन डॉ. अनिजवाल ने नेक विजिट हेतु की जा रही तैयारी की समीक्षा की एवं नेक क्राइटेरिया प्रभारियों को उचित निर्देश प्रदान किए। अतिरिक्त संचालक उज्जैन ने सीएम हेल्पलाइन एवं छात्रवृत्ति के प्रकरणों की समीक्षा एवं निर्देश प्रदान किए। उन्होंने महाविद्यालय में नेक मूल्यांकन, सीएम हेल्पलाइन एवं छात्रवृत्ति हेतु महाविद्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को नेक मूल्यांकन में A++ ग्रेड हेतु प्राप्त करने हेतु प्रयासरत रहना चाहिए। उक्त कार्यक्रम का संचालन प्रो. अनिल कुमार आर्य ने किया एवं आभार महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. वीपी तिवारी ने माना। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, शैक्षणिक स्टॉफ के समस्त सदस्य एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

**डा. अनिजवाल ने औचक निरीक्षण किया**– महाविद्यालय में गुरुवार को डा.एच.एल. अनिजवाल, अतिरिक्त संचालक, म.प्र.शासन उच्च शिक्षा विभाग उज्जैन संभाग द्वारा औचक निरीक्षण किया गया जिसमें शैक्षणिक, प्रशासनिक वित्तीय व्यवस्थाओं एवं पुस्तकालय का अवलोकन किया। आपने स्टॉफ सदस्यों की मीटिंग ली उनसे रूबरू हुए एवं वार्तालाप की। आपने महाविद्यालय भवनों, प्रयोगशालाओं एवं परिसर का अवलोकन किया। साथ ही आपने छात्राओं से संबंधित विभिन्न हितग्राही योजनाओं की कार्यप्रगति पर भी चर्चा की। आपके साथ अग्रणी महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डा.बी.आर.नलवाया उपस्थित थे। महाविद्यालय के प्राचार्य डा.उमा गगरानी ने महाविद्यालय परिवार की ओर से अतिरिक्त संचालक का स्वागत किया एवं मार्गदर्शन प्रदान करने के प्रति आभार व्यक्त किया।

## कलेक्टर ने किया आबकारी एवं आयुष कार्यालय का निरीक्षण

**नीमच, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने गुरुवार को जिला आबकारी कार्यालय एवं जिला आयुष कार्यालय नीमच का निरीक्षण कर विभागीय गतिविधियों का जायजा लिया। कलेक्टर ने इन कार्यालयों के निरीक्षण दौरान कार्यालय में स्वीकृत पद, पदस्थ स्टॉफ, रिक्त पद, पदस्थ कर्मचारियों को सौंपे गए दायित्व, आदि की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी, सेवा अभिलेख, विभागीय केशबुक आदि का अवलोकन किया। कलेक्टर ने कर्मचारियों से उनके लंबित स्वास्थ्य केबारे में भी पुछा। कलेक्टर ने कर्मचारी कल्याण से संबंधी प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला आबकारी अधिकारी श्री आरएन व्यास, जिला आयुष अधिकारी डॉ.आशिष बोरना व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# श्री राधाकृष्ण मंदिर में छाई फाग महोत्सव की उमंग



**मंदसौर, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** स्थानीय जनता कॉलोनी स्थित श्री राधा-कृष्ण मंदिर में फाल्गुन माह में रंगों के त्योहार की उमंग दिखाई दी। मंदिर में क्षेत्र की महिलाओं द्वारा फाग महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें फूलों के साथ गुलाल उडाया गया। महिलाओं ने भजनों की प्रस्तुति दी, तथा फाग गीतों पर नृत्य भी किया। उत्सव में राधा-कृष्ण के मंदिर को फूलों व रंगों से सजाया गया। सभी ने भगवान को गुलाल लगाई तथा आरती कर प्रसाद वितरित किया।

जागृति सेठिया ने बताया कि ऐसा माना जाता है कि फाग के महीने में कृष्ण जी ने राधा जी व गोपियों के साथ में होली खेल कर रासलीला की थी और फाग महोत्सव मनाया था, तभी से यह परंपरा चली आ रही है। राधा-कृष्ण मंदिर में हर त्यौहारों को बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। यहां भगवान राधा-कृष्ण की अति मोहक प्रतिमा विराजित है। इस दौरान राधा-कृष्ण बनकर आई प्रिया चौधरी एवं कृष्णा रानी त्रिवेदी की मनमोहक प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रही। राधा-कृष्ण के साथ वृन्दावन की तर्ज पर फूलों व गुलाल से होली खेली। इस अवसर पर जागृति सेठिया, रेखा शर्मा, उषा शर्मा, टीना शर्मा, प्रिया चौधरी, रानी त्रिवेदी, अनिता पाटीदार, अंजना माहेश्वरी, उर्मिला मंगोलिया, राजकुमारी गुणावत, शकुंतला चौहान, सुनीता सेठिया, दर्पण रत्नावत, दीपिका गुप्ता, किरण रूपावत, भगवती तोमर, काननबाला नीमा, किरण व्यास, अनुसिया यादव, शांता शर्मा, लक्ष्मीबाई गुणावत, मंजुला पण्ड्या सहित आसपास क्षेत्र की महिलाएं व युवतियां उपस्थित रही।

# मारवाड़ी युवा मंच द्वारा फाग महोत्सव धूमधाम से मनाया

**मंदसौर, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** अखिल भारतीय मारवाडी युवा मंच महिला शाखा मंदसौर द्वारा फाग महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। राम मोहल्ला स्थित श्री मंशापूर्ण बालाजी मंदिर परिसर में मातृशक्ति ने ढोल की थाप पर फाग गीत गाए और खूब रंग बिरंगी गुलाल उड़ाते हुए पुष्प वर्षा की ओर ढोल की थाप पर नृत्य भी कीए।

इस अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच महिला शाखा अध्यक्ष श्रीमती रानी अनिल अग्रवाल , ने कहा कि होली पर्व के तहत फाग महोत्सव का अपना एक अलग महत्व होता है यह उत्सव एक माह तक होली का डंडा रोपने से आरंभ हो जाता है जो होलिका दहन के साथ समाप्त होता है इस पूरे एक माह में भगवान ठाकुर जी के दरबार में प्रतिदिन रंग-बिरंगे रंगों से होली खेली जाती है। मंदसौर के गोर्वधन नाथ मंदिर में भी पूरे एक माह तक भक्तों संग भगवान का होली खेलने का दृश्य देखने में आता है। मंदसौर शहर भी एक माह तक ब्रज धाम बन जाता है पूरे मंदसौर शहर में अनेक सामाजिक धार्मिक संगठनों की मातृशक्ति की टोलिया फाग महोत्सव का आयोजन करती है। मंच परिवार से श्रीमती विद्या संजय दोषी ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच भी प्रतिवर्ष फाग महोत्सव धूमधाम से मनाता आया है इस वर्ष फाग महोत्सव में मातृशक्ति ने अपने घरों से बने हुए नैवेद्य को भगवान महादेव को अर्पित कर भोग लगाया और प्रसादी वितरित की। इस अवसर पर महिला शाखा अध्यक्ष रानी अग्रवाल, प्रोजेक्ट चेयरमैन प्रतिभा भट्ट,विद्या दोषी,सुमन वर्मा,अल्का जैन, वंदना त्रिवेदी,भावना अग्रवाल, उषा कुमावत,पल्लवी नागदा प्रेरणा जैन , संगीता भदानिया साक्षी जैन,श्वेता पालीवाल तथा खुशी भट्टसहित बडी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित थी। संचालन अलका जैन ने किया तथा आभार प्रोजेक्ट चेयरमैन प्रतिभा भट्टने माना।





# सांसद गुप्ता ने पेंशनर महासंघ के वरिष्ठ नागरिकों से भेंट की



**मंदसौर, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** सेवानिवृत्त एवं पेंशनर्स नागरिक महासंघ जिला मंदसौर के पेंशनर्स एवं वरिष्ठ नागरिकों से सांसद श्री सुधीर गुप्ता ने सौजन्य भेंट की। सांसद श्री गुप्ता ने स्व. श्री दौलतराम पटेल को याद करते हुए कहा कि श्री पटेल ने जिस संगठन का निर्माण किया है वह सामाजिक सरोकारों से जुड़ी गतिविधियों का केंद्र रहा है। आप सभी ने इस संगठन को अभी भी सक्रिय रहकर विशाल स्वरूप प्रदान किया है। जिले में इस संगठन की ही सबसे अधिक सदस्य संख्या है ऐसा मेरा मानना है। आपने कहा कि देश में विकास की बयार चल रही है आप सभी वरिष्ठएवं अनुभवी हैं आप अपने अनुभवों का लाभ नई पीढ़ी को प्रदान करें। जिससे परिवार, समाज एवं देश का विकास हो सके।

इस अवसर पर महासंघ के जिला उपाध्यक्ष रमेशचंद्र चंद्रे, जिला सचिव नंदकिशोर राठौर, डे केयर सेंटर समन्वयक डॉ. देवेंद्र पुराणिक, नगर सचिव चंद्रकांत शर्मा, डे केयर सचिव राजेंद्र पोरवाल, जिला सदस्य कोमल वाणवार, अजीजुल्लाह खान, प्रभुदयाल शर्मा, दिलीप काला, नरेंद्रसिंह राणावत, एमएल पोरवाल, सत्यनारायण श्रीवास्तव, अमृतलाल पांडे, रमेशचंद्र सोनी, गोपालदास रामावत, अंबालाल चंद्रावत, अशोक पंवार, गोविंददास पारिख, अशोक नागदा, श्याम सोनी, यशवंत प्रजापत, कैलाश उपाध्याय, प्रकाशचंद जैन, सुरेशचंद्र जैन, अमृतलाल जैन, भूपेंद्र तिवारी, महेश शर्मा, नंदकिशोर शर्मा आदि पेंशनरों ने अपनी समस्याओं से भी उन्हें अवगत कराया। कार्यक्रम के प्रारंभ में श्री गुप्ता ने भारत माता एवं सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। संगठन गीत चंद्रकांत शर्मा ने प्रस्तुत किया। श्री गुप्ता का स्वागत महासंघ के जिला उपाध्यक्ष रमेश चंद्र चंद्रे, डॉ. देवेंद्र पौराणिक, चंद्रकांत शर्मा आदि ने किया। संचालन नंदकिशोर राठौर ने किया।

## कलेक्टर ने किया डायलिसिस सेन्टर का निरीक्षण

**नीमच, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने गुरुवार को जिला अस्पताल नीमच में मानव सेवा समिति द्वारा संचालित डायलिसिस केन्द्र का निरीक्षण कर, मरीजों एवं उनके परिजनों से चर्चा कर, उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टीर श्री जैन ने डायलिसिस केन्द्रल के विस्तार के लिए सेन्टर के पीछे स्थित शेड का उपयोग करने, पुराने बंद पडे जनरेटर सेट, डायलिसिस सेन्ट र को उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान 12 मरीजों द्वारा डायलिसिस सुविधा का लाभ लिया जाना पाया गया। कलेक्टर श्री जैन ने कहा, कि मरीजों की संख्या के देखते हुए, डायलिसिस मशीनों की संख्या बढाई जावेगी, और भवन का विस्तार भी किया जायेगा। अस्पमताल परिसर में सडक निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग को राशि उपलब्ध कराई गई। सडक निर्माण कार्य किया जायेगा। इस निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन डॉ.महेन्द्र पाटील, डॉ.मनीष यादव, डॉ.संगीता भारती, मानव सेवा समिति के श्री कृष्णर कुमार गोयल, श्री शरद गगरानी, श्री सुदेश किलेवाला, श्री ओम अग्रवाल, श्री पुरूषोत्म गुप्ता, एवं श्री सुनील रस्तोगी भी उपस्थित थे। श्री सुनील रस्तोगी ने डायलिसिस केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं, मरीजों को उपलब्ध करवाई जा रही सेवाओं की जानकारी दी।



# आर्केने फाउंडेशन द्वारा हरियाणा में सम्मानित होगें प्रजापति



**मनासा, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** तहसील मुख्यालय से मात्र 3 किमी दूर के गांव अल्हेड निवासी राजेश कुमार हरियाणा के रोहतक में आर्केने फाउंडेशन द्वारा आयोजित सम्मेलन में सम्मानित होंगे। उन्हें यह सम्मान समाज सेवा के क्षेत्र के लगातार सेवा कार्य करने व पब्लिक अवेर्नेस में शानदार प्रदर्शन करने के उपलक्ष्य में उन्हें सम्मानित किया जाएगा । प्रजापति लगभग पिछले 5-6 वर्षों से समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय है वे वर्तमान में बीआर फाउंडेशन के जिला प्रवक्ता के पद पर पदस्थ है। प्रजापति पूर्व में सार्थक प्रयास फाउंडेशन, मध्यप्रदेश ग्रामीण प्रतिभा प्रोत्साहन मंच जैसे कई सामाजिक व धार्मिक फाउंड्शन से जुडे है। वे लगातार लोगो को जागरूक करने हेतु सोशल मीडिया पर एक्टिव रहते है वीडियो के माध्यम से भी वे लोगों को जागरूक करने का करने का काम करते। के चलते उन्हें सम्मानित किया जावेगा। जैसे ही यह खबर प्रजापति के परिवारजन, गांव वालो को जानकारी मिली सभी मे ख़ुशी की लहर छा गई। प्रजापति को फ़ोन मेसेज स्टेटस के माध्यम लगातार बधाई शुभकामनाएं मिलने लगी। प्रजापति ने बातचीत में बताया इस उपलब्धि का श्रेय व अपने माता पिता व गुरुजनों व अपनी पत्नी को देते है कि वह उनके बताए मार्गदर्शन पर चल रहे है और चलते रहेंगे, उन्होंने बताया उन्हें अपनी पत्नी भी बहुत सपोर्ट करती है वो हर कदम पर उनका साथ देती है,जिससे उन्हें बहुत हौसला मिलता है। उन्होंने सभी का धन्यवाद आभार माना ओर युवा साथियों को संदेश दिया कि समाज की सेवा सभी करते रहे मनुष्य जीवन मिला है जरूर हम ऐसी छाप छोडे की आने वाली पीढ़ी इससे प्रेरित हो।

## महिला मण्डल ने मनाया फाग महोत्सव

**मंदसौर, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** दशपुर भावसार समाज महिला मंडल द्वारा खानपुरा स्थित भावसारों की बगीची श्री चारभुजानाथ मंदिर पर फाग महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में समाज की महिलाओं ने राधा-कृष्ण बनकर गुलाल व फूलों से होली खेली। साथ ही फाग के गीत व भजन प्रस्तुत किये जिसमें महिलाओं ने नृत्य भी किये। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं उपस्थित रही।

## एडीएम ने किया मतगणना केंद्र एवं स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

**नीमच, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन के निर्देशानुसार एडीएम सुश्री लक्ष्मी गामड ने गुरूवार को लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत होने वाली मतगणना के लिए प्रस्तावित मतगणना केंद्र शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नीमच के परिसर एवं स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत विधानसभा क्षेत्र नीमच के लिए कॉलेज के पुराने भवन में स्थापित होने वाले स्ट्रांतग रूम एवं गणना कक्ष का निरीक्षण किया। एडीएम ने कॉलेज के नये भवन में वि.स.क्षेत्र मनासा एवं जावद के लिए प्रस्तावित स्ट्रां ग रूम एवं मतगणना कक्षों का अवलोकन किया। एडीएम ने मतगणना केंद्र पर आवश्यतक व्यवस्थाओं के संबंध में सम्बं धितों को आवश्यक निर्देश भी दिए।

# कलेक्टर ने किया रेडक्रॉस द्वारा संचालित संस्थाओं का निरीक्षण

**नीमच, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने गुरूवार को रेडक्रॉस नीमच द्वारा संचालित वृद्धा आश्रम, मूक बधिर विद्यालय, फिजियोंथेरेपी सेन्टशर, जिला दिव्यां ग पुर्नवास केन्द्र् नीमच का निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। इस मौके पर जिला पंचायत मुख्य् कार्यपालन अधिकारी श्री गुरूप्रसाद, डिप्टी कलेक्टर सुश्री किरण आंजना, सुश्री मयूरी एवं अन्य् अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री जैन ने रेडक्रॉस द्वारा संचालित फिजियोंथेरेपी सेन्टयर के निरीक्षण के दौरान सेन्ट र में आने वाले सदस्यों की संख्या उपलब्ध सुविधा, पदस्थ स्टाफ आदि की जानकारी ली और फिजियोंथेरेपी सेन्टर में फिजियोंथेरेपिस्ट की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होने रेडक्रॉस वृद्धा आश्रम का निरीक्षण एवं चर्चा कर, वृद्धजनों से चर्चा की। कलेक्टर श्री जैन ने वृद्धा आश्रम मे निवासरत वृद्धजनों के मनोंरजन एवं परिजनों, और रिश्तेदारों से चर्चा की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए। उन्होने दिव्यां ग पुर्नवास केन्द्र् के स्टाफ के लंबित वेतन का भुगतान करवाने एवं अशंकालिक आउटसोर्स से भृत्यो की सेवाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्री जैन ने विद्यालय के बच्चो् को स्वरोजगार से जौडने के लिए विशेष प्रयास करने और ऑनलाईन अध्य यापन कक्षाओं का प्रभावी ढंग से संचालन करवाने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्री जैन ने दिव्यां।गों के प्रमाण पत्र बनाने की व्यवस्था , यूडी आईडी कार्ड बनाने की प्रगति की जानकारी ली। अवगत कराया गया, कि अब तक 8579 दिव्यांनगजनों के यूडीआईडी कार्ड बनाये गये है। स्प र्श पोर्टल पर अब तक 790 दिव्यां गों के नाम दर्ज है। उन्होने निर्देश दिए, कि दिव्यागजनों का सर्वेकर, दिव्यांगजनों की सूची तैयार की जाये,कि किन दिव्या्जनों को कोनसी सामग्री आवश्यकता है। कलेक्टर ने जिला दिव्यांग एवं पुर्नवास केन्द्रो भवन निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार करवाकर, भिजवाने के निर्देश भी दिए।

## कलेक्टर जैन ने ब्लड बैंक का निरीक्षण किया

**नीमच, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने गुरुवार को जिला अस्पाल नीमच में ब्लीडबैंक का निरीक्षण कर, ब्लैडबैंक भवन के विस्तार एवं जीर्णोद्धार कार्य का अवलोकन किया और कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ब्लड बैंक में स्वैच्छ से आकर रक्तदान करने वाले की संख्या उपलब्ध रक्त यूनिट एवं प्रतिदिन मरीजों से उपलब्ध करवाई जा रही। रक्त की यूनिटों की संख्या आदि के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ.महेन्द्र पाटील, डॉ.मनीष यादव, डॉ.संगीता भारती सहित ब्लड बैंक के कर्मचारी भी उपस्थित थे।

## मतदाताओं को घर-घर जाकर मतदान के लिए किया जागरूक

**मंदसौर, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** भारत निर्वाचन आयोन के तहत जिले में स्वीप गतिविधियों का संचालन जोरो से चल रहा हैं जिसके के तहत जिले में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किये जाने हेतु जिले में मतदाताओं को मतदान के लिए घर-घर जाकर जागरूकता किया जा रहा है। साथ ही सभी लोग आपस में जागरुक हो रही रहें हैं, और अन्य लोगों को भी मतदान के लिये अपील कर रहें हैं।

# मातृशक्ति महिला मंडल ने भजन कीर्तन, फूलों की होली के साथ मनाया फाग महोत्सव

**नीमच, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** आदित्य स्टेट कॉलोनी महिला मंडल नीमच इकाई ने शाम 6 बजे आदित्य स्टेट कॉलोनी स्थित चंद्र मोलेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में रंगों का त्योहार होली पर्व फाग महोत्सव फूलों की होली और भजन कीर्तन के साथ मनाया। फाग महोत्सव में महिलाओं ने जुलम कर डालो सितम कर डालो काले ने कर दिया लाल.

आज बिरज में होली है रसिया ....होली खेलो रंग और गुलाल से.. रंग मत डालो रे सांवरिया रुक जा ओ राधे रानी रुक जा, सांवरिया तू इतना ना किये श्रृंगार नजर तोहे लग जाएगी आदि भजनों पर समूह नृत्य भी प्रस्तुत किया। इस अवसर पर महिलाओं ने राधा कृष्ण की झांकी सजाकर महारास कर फाग महोत्सव का आयोजन भी किया। कृष्ण की झांकी सजाई गई जिसमें कृष्ण का अभिनय पुजा यादवऔर राधा का अभिनय तरुणा शर्मा ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजन में राधा कृष्ण रास राधा कृष्ण भजन रंग रंगीला का गेम, फूलों और गुलाल से होली सहित विभिन्न धार्मिक खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। सभी मातृशक्ति का मोतियों की माला से सम्मान , गेम में विजेताओं को पुरस्कार और फलियारी प्रसाद भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में डॉक्टर संगीता भारती, एडवोकेट रानू अटल, कुसुम यादव,रेखा सिंह, जय सोनी तथा कार्यक्रम आयोजन मातृशक्ति समिति की पूजा यादव ,तरुणा शर्मा,पिंकी सेन,मीनाक्षी नागदा,प्रमिला राठौर,रानू चैधरी ,निकिता जैन, अमिता कोठारी,कोशल्या सोनी ,सोनाली मांगरिया, शिल्पा पोरवाल, वीना वाजपेई ,शालू सिंह आदि महिलाओं ने साथ मिलकर रंग और गुलाल और फूलों से होली खेलकर फाग महोत्सव होली के भजन कीर्तनों के साथ होली नृत्य के साथ मनाया।

# बैंक कलेक्शन एजेन्ट के साथ मारपीट

**पिपलियामंडी, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** आईडीएफसी फस्ट बैंक के कलेक्शन एजेंट के साथ मारपीट करने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया। राकोदा (दलौदा) निवासी दीपक राठौर ने पिपलिया थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि पिपलियामंडी निवासी बापूसिंह पिता तखतसिंह राजपूत ने 4 लाख रुपए का लोन लिया था। 3 किश्त बकाया होने पर मैं मनीष महावर के साथ थड़ोद गया, वहां डूंगरसिंह राजपूत आया और बोला कि मैं बापूसिंह का भाई हूं, यहां रु लेने आए हो तो आधा हिस्सा मुझे देना पड़ेगा। कहते हुए गाली-गलौज की व मारपीट की। पुलिस ने आरोपी डूंगरसिंह के खिलाफ केस दर्ज किया।

## शिकायतकर्ता की लोकेशन...

पेज 1 से जारी

जिला नियंत्रण कक्ष तक पहुंचती है और एक फील्ड यूनिट को सौंपी जाती है, जिसमें फ्लाइंग स्क्वाड और निगरानी टीमें शामिल होती हैं। ये इकाइयां स्थान पर नेविगेट करने और कार्रवाई करने के लिए 'सीविजिल इन्वेस्टिगेटर' नामक एक मोबाइल ऐप का उपयोग करती हैं।

**स्टेप 3:** एक बार जब फील्ड यूनिट शिकायत का जवाब देती है, तो वे रिटर्निंग ऑफिसर को इन्वेस्टिगेटर ऐप के माध्यम से एक फील्ड रिपोर्ट भेजते हैं। यदि शिकायत सत्यापित हो जाती है, तो इसे चुनाव आयोग के राष्ट्रीय शिकायत पोर्टल पर भेज दिया जाता है। और नागरिक को 100 मिनट के भीतर स्थिति की जानकारी दी जाती है।

**किसी अन्य शिकायत का नहीं मिलेगा अपडेट, वेबसाइट पर देखें स्टेटस–** सीविजिल ऐप में नियमों के उल्लंघन को रोकने के लिए कई सुविधाएं हैं। यह केवल चुनावी आचार संहिता के उल्लंघनों की रिपोर्ट करने के लिए है। इसमें किसी भी गुमनाम शिकायत को कोई स्थिति अपडेट नहीं मिलता है। पंजीकृत यूजर पोर्टल की आधिकारिक वेबसाइट पर स्टेटस अपडेट भी देख सकते हैं।

**नागरिक यहां करें संपर्क–** यह ऐप उप-चुनाव/विधानसभा/संसदीय चुनावों की अधिसूचना की तारीख से सक्रिय हो जाता है। उल्लंघनों से संबंधित या व्यक्तिगत प्रकृति की शिकायतों को ख़ारिज किया जा सकता है। नागरिकों को अन्य प्रकार की शिकायतों के लिए चुनाव आयोग की मुख्य वेबसाइट का उपयोग करने या राष्ट्रीय संपर्क केंद्र 1800111950 या राज्य संपर्क केंद्र 1950 पर कॉल करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

## विश्व जल दिवस...

# जलकुंभी से जल प्रबंधन: एक संघर्ष और संभावनाएं



**मंदसौर, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** नदियाँ मानव सभ्यता की जननी कहलाती हैं। हमारी भारतीय संस्कृति में नदियों को माता का दर्जा दिया गया है। मंदसौर में शिवना जैसी पवित्र नदी का होना हम मंदसौर वासियों के लिए बड़े ही सौभाग्य और गर्व की बात है, लेकिन अनेक प्रयासों के बावजूद भी हम अपने जीवनदायिनी शिवना नदी को सहेज कर नहीं रख पा रहे हैं। इसका क्या कारण है? इस विषय पर हम सभी को गहराई से विचार करने की आवश्यकता है। मुक्तिधाम के समीप शिवना नदी को जलकुंभी ने पूरी तरह से ढक लिया है। आए दिन अखबारों में खबर आती है कि शिवना नदी में बढ़ती जलकुंभी को हटाने के अनेकानेक प्रयासों के बावजूद जलकुंभी का प्रकोप दिन-दिन बढ़ता जा रहा है, जो एक चिंता का विषय है। इस समस्या का निवारण करना अत्यंत आवश्यक है। नदी में मौजूद जलकुंभी हटाने का प्रयास तो करना ही चाहिए, साथ ही हमें ऐसे प्रयास करने चाहिए कि जलकुंभी उगे ही ना। पहले हम जलकुंभी के बारे में जान लेते हैं। जलकुंभी एक तैरने वाली जलीय खरपतवार है। भारत में इसे समुद्र सोख नाम से भी जाना जाता है, क्योंकि जलकुंभी के कारण पानी के वाष्पोत्सर्जन की दर अत्यधिक बढ़ जाती है। यह पौधा प्रजनन द्वारा एक बार में हजारों बीज़ उत्पन्न कर सकता है, और उनके बीज कई वर्षों र्तक पानी के अंदर दबे पड़े रहते हैं, अनुकूल स्थिति आने पर उग जाते हैं और थोड़ा सा भी पोषण मिलने पर बहुत ही तेजी से वृद्धि करते हैं। इस पौधे को अत्यधिक पोषक तत्व, विशेष रूप से कृषि अपवाह और अनुपचारित सीवेज से मिलते हैं जो जल निकायों में जलकुंभी के अतिवृद्धि का मुख्य कारण है। औद्योगिक प्रदूषण जल निकायों में जलकुंभी के विकास का मुख्य कारण है, उद्योगों से भारी धातुओं और पोषक तत्वों, और कार्बनिक पदार्थों जैंसे प्रदूषकों से यूट्रोफिकेशन होता है, जिससे जलकुंभी के पनपने के लिए अनुकूल परिस्थितियां पैदा हो सकती हैं। इसके अतिरिक्त, औद्योगिक प्रदूषण पानी की गुणवत्ता को प्रदुषित करते है, साथ ही जलीय पारिस्थितिक संतुलन को बाधित कर देते है, जिससे जलकुंभी जैसी आक्रामक प्रजातियां तेजी से वृद्धि करती है। जल निकायों में जलकुंभी हानिकारक प्रभाव पैदा करती है जैसे कि पानी के नीचे के पौधों तक सूरज की रोशनी को पहुंचने से रोकना, ऑक्सीजन के स्तर को कम करना जो जलीय जीवन के लिए हानिकारक होता है, जल प्रवाह में बाधा डाल सकता है, जो बाढ़ का कारण बन सकता है, और मच्छरों के लिए प्रजनन स्थल उपलब्ध कराना, जिसमें बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। जलकुंभी के कारण मछलियों के प्रजनन में बाधा उत्पन्न होती है, और बड़ी संख्या में मछलियों की मृत्यु भी हो जाती है। नदी का प्रदूषण होना जल संसाधनों पर निर्भर मानव समुदाय के लिए महत्वपूर्ण चुनौती है। पानी से जलकुंभी को पूरी तरह से खत्म करने के लिए, भौतिक, जैविक और रासायनिक तरीकों का प्रयोग किया जाना चाहिए। बेहतर अपशिष्टप्रबंधन, बेहतर कृषि पद्धति और औद्योगिक निर्माण पर सख्त नियमों जैसी व्यापक रणनीति के माध्यम से जलकुंभी को समाप्त करने के प्रयास किये जाने चाहिए। खरपतवार जलकुंभी को हटाना काफी महंगा होता है, इसलिए जलकुंभी उत्पन्न ही ना हो सके इस तरह के प्रयास करना चाहिए, और अगर फिर भी जलकुम्भी उगे तो हम इससे उपयोगी वस्तुएं बनाने का नवाचार करने की कोशिश करेंगे। इस तरह का नवाचार किया गया है केरल के प्रोफेसर डॉ. नागेंद्र प्रभु ने इंदौर में जलकुंभी से कागज(क्वालिटी पेपर) बनाकर तैयार किया है। डॉ. नागेंद्र प्रभु ने सेंटर फॉर रिसर्च ऑफ एक्वेटिक रिसोर्स नामक अपने इंस्टिट्यूट की मदद से ग्रामीणों को जलकुंभी से कागज बनाने का प्रशिक्षण दिया। असम में रहने वाली शिवानी सिंह ने जलकुंभी के पौधों से घरेलू उपयोग में आने वाली टोकरी, चटाई तैयार कर अच्छी आमदनी प्राप्त की। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन व उद्योग केंद्र भी जलकुम्भी से बने उत्पादों की मार्केटिंग कर रहे हैं जलकुंभी से नए और उपयोगी उत्पादों का निर्माण करके हम इसे समाप्त करने के लिए प्रयास कर सकते हैं और साथ ही पर्यावरण को संरक्षित कर सकते हैं।

**डॉ. प्रेरणा मित्रा**
**सहायक प्राध्यापक, वनस्पति विज्ञान शा. स्ना. महाविद्यालय मंदसौर**

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 000 | 0000 | 0000 |
| उडद | 000 | 0000 | 0000 |
| सोयाबीन | 3678 | 3801 | 4671 |
| गैहु | 11400 | 2370 | 2750 |
| चना | 1482 | 5001 | 5701 |
| मसुर | 3286 | 4951 | 5972 |
| धनिया | 582 | 5508 | 9700 |
| लहसुन | 29500 | 3500 | 15000 |
| मैथी | 2200 | 4250 | 6140 |
| अलसी | 1660 | 4700 | 5201 |
| सरसो | 1097 | 4549 | 4831 |
| तारामीरा | 17 | 4300 | 4600 |
| इसबगोल | 47 | 10000 | 15950 |
| प्याज | 217 | 400 | 17000 |
| कलोंजी | 37 | 9201 | 18673 |
| डॉलर | 30 | 6941 | 9400 |
| तिल्ली | 1 | 8800 | 8800 |
| मटरसुखी | 000 | 0000 | 0000 |
| असालीया | 136 | 5500 | 7132 |

## दौराया एवं एक्का का सात दिन का वेतन काटने का आदेश

**नीमच, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद द्वारा श्री सुशील दौराया परियोजना समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन एवं श्री विनोद कुमार एक्का परियोजना अधिकारी जिला पंचायत नीमच को पदेन कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही एवं उदासीनता बरतने पर माह मार्च पेडइन अप्रैल 2024 के वेतन से 07 दिवस का वेतन काटे जाने के दण्ड से दण्डित किया गया है।

ज्ञातत्व हो कि अपर मुख्य सचिव ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रति सप्ताह साप्ताहिक वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से विभागीय योजनाओं की समीक्षा की जाती है। इसी क्रम में दिनांक 21 मार्च 2024 को विभागीय वीडियो कान्फ्रेन्सिंग आयोजित की गई। जिसमें स्वीप एवं पेयजल से सम्बन्धित विषय पर समीक्षा रखी गई। उक्त दोनो शाखाओं के प्रभारी श्री सुशील दौराया परियोजना समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन एवं श्री विनोद कुमार एक्का परियोजना अधिकारी जिला पंचायत द्वारा अपने कार्य के प्रति लापरवाही बरतते हुए एक दिवस पूर्व जानकारी प्रस्तुत करने में घोर लापरवाही एवं उदासीनता बरती गई। इसके लिए श्री दौराया एवं श्री एक्का पूर्णत: उत्तरदायी होकर उनका उक्त कृत्य म.प्र.सिविल सेवा आचरण नियम-1965 के नियम-03 का उल्लंघन होकर कदाचरण की परिधि में होकर दण्डनीय है।

## मतदान केंद्र हेतु निर्धारित सभी शासकीय भवन 11 मई तक रिक्त करें

**मंदसौर, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव ने लोकसभा निर्वाचन हेतु मतदान केंद्रों के लिए चिन्हित किए गए समस्त शासकीय/अशासकीय भवनों को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 160 में प्रदत्त अधिकारों के तहत 12 मई 2024 से 14 मई 2024 तक की अवधि के लिए अधिग्रहित करने के आदेश जारी किये है। भवन स्वामी/भवन के अधिपत्य के विभाग को मतदान केंद्र हेतु निर्धारित भवन 11 मई 2024 सायं में को रिक्त करेंगे। इन भवनों में पूर्व की भांति फर्नीचर, दूरभाष आदि व्यवस्थाओं को यथावत रखा जावे।

## मनासा का बदमाश वीरू जिला बदर

**नीमच, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जिला मजिस्ट्रेट श्री दिनेश जैन व्दाारा मनासा तालाब की पाल कमला नेहरू कॉलोनी निवासी अनावेदक विरू पिता पुरणमल को तीन माह की अवधि के लिए जिला बदर का आदेश जारी किया है। जिला बदर अवधि में विरू मंदसौर, रतलाम, शाजापुर, उज्जैन, देवास, आगर मालवा सहित नीमच जिले की राजस्व् सीमा में बगैर अनुमति के प्रवेश नहीं कर सकेगा। अनावेदक विरू के विरूद्ध पुलिस थाना मनासा में विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध होकर न्यायालय में विचाराधीन है।

## तलवार सहित पकड़ा

**पिपलियामंडी, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** धारदार हथियार से आमजन को भयभीत करने वाले आरोपी को पुलिस ने पकड़ा। पिपलियामंडी पुलिस ने उजागरिया गांव में धारदार तलवार से आमजन को भयभीत करने वाले चिकलाना (कालूखेड़ा, रतलाम) निवासी निर्मलसिंह पिता भंवरसिंह चन्द्रावत को पकड़ा। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में केस दर्ज किया।

# ज्ञानवापी की तरह भोजशाला में एएसआई सर्वे आज से, इंदौर हाईकोर्ट ने दिया था आदेश



**धार, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** धार की ऐतिहासिक भोजशाला में हाई कोर्ट के आदेश अनुसार 22 मार्च से सर्वे शुरू होगा। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा यह सर्वे 22 मार्च को यहां भोजशाला में शुरू किया जाएगा। इसके तहत मुख्य रूप से यह बात सामने आ सकती है कि यहां पर किस तरह के प्रतीक चिन्ह है और किस तरह की यहां की वास्तु शैली है। साथ ही यह भी स्पष्ट हो जाएगा कि यह किस तरह की धरोहर है।

धार स्थित भोजशाला को लेकर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने बड़ा फैसला दिया था, जिसके चलते अब भोजशाला का भी एएसआई सर्वे किया जाना है। बता दें कि मां सरस्वती मंदिर भोजशाला के वैज्ञानिक सर्वेक्षण के लिए हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस द्वारा हाईकोर्ट में आवेदन दिया था। इस पर उच्च न्यायालय ने एएसआई को वैज्ञानिक सर्वेक्षण करने का आदेश दिया। भोजशाला के वैज्ञानिक सर्वेक्षण के लिए हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस द्वारा हाईकोर्ट में आवेदन दिया था। जिस पर सभी पक्षों को सुनने के बाद हाईकोर्ट ने फरवरी में फैसला सुरक्षित रख लिया था। वहीं अब उच्च न्यायालय ने एएसआई को वैज्ञानिक सर्वेक्षण करने का आदेश दिया।

**पूजा के अधिकार की मांग**–हिंदू फ्रंट फार जस्टिस की तरफ से एडवोकेट हरिशंकर जैन और एडवोकेट विष्णुशंकर जैन ने पैरवी की। उन्होंने कोर्ट को कहा कि पूर्व में भी जो सर्वेक्षण हुए हैं वे साफ-साफ बता रहे हैं कि भोजशाला वाग्देवी का मंदिर है। इससे अतिरिक्त कुछ नहीं। हिंदुओं का यहां पूजा करने का पूरा अधिकार है। हिंदुओं को पूजा का अधिकार देने से भोजशाला के धार्मिक चरित्र पर कोई बदलाव नहीं होगा।

**सर्वे में मिले थे विष्णु और कमल**–भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की ओर से एडवोकेट हिमांशु जोशी ने कोर्ट को बताया कि वर्ष 1902-03 में पुरातत्व विभाग भोजशाला का सर्वे कर चुका है। इसकी रिपोर्ट भी कोर्ट में प्रस्तुत है। रिपोर्ट के साथ फोटोग्राफ भी संलग्न हैं। इनमें भगवान विष्णु और कमल स्पष्ट नजर आ रहे हैं। नए सर्वे की कोई आवश्यकता ही नहीं है। सर्वे की रिपोर्ट के आधार पर ही 2003 में आदेश जारी हुआ था

**सदियों पुराना है भोजशाला विवाद**–भोजशाला विवाद सदियों पुराना है। हिंदुओं का कहना है कि यह सरस्वती देवी का मंदिर है। सदियों पहले मुसलमानों ने इसकी पवित्रता भंग करते हुए यहां मौलाना कमालुद्दीन की मजार बनाई थी। भोजशाला में आज भी देवी-देवताओं के चित्र और संस्कृत में श्लोक लिखे हुए हैं। अंग्रेज भोजशाला में लगी वाग्देवी की मूर्ति को लंदन ले गए थे। हाई कोर्ट में चल रही याचिका में कहा गया कि भोजशाला हिंदुओं के लिए उपासना स्थली है।



## सरकारी मेडिकल कालेजों की स्वायत्त संस्था में अब संभागायुक्त नहीं रहेंगे अध्यक्ष

**इंदौर, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** अब सरकारी मेडिकल कालेजों की स्वायत्त संस्था में संभागायुक्त अध्यक्ष नहीं रहेंगे। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग ने स्वायत्त संस्था के अध्यक्ष पद से प्रमंडलीय आयुक्त को हटाने का आदेश दिया है। इसके बाद इंदौर के महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कालेज के डीन ने संभाग आयुक्त की जिम्मेदारियों को चिकित्सा शिक्षा विभाग के आयोग से बदलने के लिए प्रारूप तैयार किया है।

लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के उप सचिव केके दुबे ने अपने आदेश में उल्लेख किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने स्वायत्तशासी निकाय के अध्यक्ष पद से संभागीय आयुक्त को हटाकर चिकित्सा शिक्षा आयुक्त या निदेशक चिकित्सा शिक्षा को नियुक्त करने का निर्णय लिया है।

**31 मार्च तक बदलाव कर विभाग को देनी है जानकारी**–आदेश में कहा गया है कि राज्य के सभी सरकारी मेडिकल कालेजों को 31 मार्च तक आवश्यक बदलाव कर विभाग को सूचित करना होगा। आदेश शासकीय डेंटल कालेज की स्वायत्तशासी संस्था के साथ नर्सिंग कालेज की स्वायत्तशासी संस्था पर भी लागू होंगे।

**अभी संभागायुक्त लेते हैं कई निर्णय**–इंदौर के एमजीएम मेडिकल कालेज के डीन डा. संजय दीक्षित ने कहा, हमने स्वायत्त निकाय के उपनियमों से संभागीय आयुक्त का नाम बदलने के लिए एक प्रारूप तैयार किया है। किए गए बदलावों को भोपाल में अधिकारियों को भेजेंगे। वर्तमान में संभागीय आयुक्त स्वायत्त निकाय के अध्यक्ष हैं और वे वित्तीय मुद्दों, भर्तियों और अन्य के संबंध में सभी निर्णय लेते हैं।

## हनुमान जी ने की माता सीता की खोज, लंका का किया दहन



**मनासा, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** माता सीता की खोज में हनुमान जी रावण की लंका पहुंचे, जहां उनकी भेंट लंकीनी से हुई। जिसको हनुमान जी ने एक मुष्ठीका मारी ओर उसका उद्धार किया। हनुमान जी माता की खोज करते हुए रावण की अशोक वाटिका पहुंचे। जहां माता सीता भगवान राम के वियोग में विलाप कर रही थी। माता सीता से भेंट कर उनको भगवान श्रीराम व लक्ष्मण की कुशल क्षेम का संदेश दिया। माता से भेंट कर हनुमान जी ने रावण की अशोक वाटिका उजाड कर अक्षय कुमार का वध किया।

अवसर था गांव नलखेड़ा में चल रही 14 दिवसीय रामलीला के 9 वें दिन सीता संदेश प्रंसग का। जहां रामलीला के मंच से हनुमान जी का लंका में प्रवेश कर माता सीता से भेंट करना, लंका जलाना, अक्षय कुमार का वध करना, रावण द्वारा हनुमान जी की पुछ में आग लगाना, हनुमान जी द्वारा लंका दहन करने का सजीव चरित्र चित्रण किया गया। अशोक वाटिका में बैठी सीता से जब रावण ने महल में चलने का प्रस्ताव दिया तो, सीता ने बड़े ही क्रोधित होकर कहा कि है दुष्टरावण तु मुझे क्या डराता है मुझे तो मरने का तनिक भी डर नहीं है, जो विरता आज तु मुझ पर दिखा रहा हे क्यू नहीं ये वीरता तुने शिव जी का धनुष तोड़कर दिखाई होती। इस पर रावण सीता माता को तलवार से मारने दोडता है तो रानी मंदोदरी रावण का हाथ पकड लेती है ओर महल में चलने का आग्रह करती हैं। इधर रावण के जाने के बाद माता सीता राम के वियोग में 'खबर मोरी ना विधि रे बहुत दिन बीते' गीत के माध्यम से विलाप करते हुए याद करती है। जिन्हे हनुमान जी धैर्य बंधाते हैं। इस दोरान सीता माता द्वारा दिए गए चूड़ामणि को हनुमान प्रभु श्रीराम को भेंट कर माता सीता की दशा का वर्णन करते हें। हनुमान के बात सुन भगवान राम लंका पर चढ़ाई करने के लिए सेतु का निर्माण करने का सजीव चरित्र चित्रण रामलीला के मंच से कलाकारों द्वारा किया गया। रामलीला में सीता की भूमिका भरत कनेरिया, रावण विजय शर्मा, हनुमान अर्जुन शर्मा, त्रिजटा चन्द्र प्रकाश मोदी, लंकिनी सखुर डांसर, कवि पंडित मदनलाल शर्मा, जगदीश चन्द्र शर्मा, मेकअप प्रकाश सेन ने निभाई इस दोरान अतिथि समाजसेवी प्रकाश चन्द्र कनेरिया, राम प्रहलाद पाटीदार, राम प्रसाद मोड़, लोकेश जैन, पंकज मोड सहित बडी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

## अवैध शराब के साथ 2 को पकड़ा

**पिपलियामंडी, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने अवैध शराब के साथ आरोपियों को पकड़ा। मल्हारगढ़ पुलिस ने 10 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब के साथ आकली निवासी नवलसिंह पिता नाथूसिंह परिहार को, नाहरगढ पुलिस ने 24 क्वार्टर शराब के साथ अब्दापुर निवासी जुगलकिशोर पिता श्यामलाल रावत को पकड़ा। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट में केस दर्ज किया।

## उज्जैन जिले के बड़नगर में एएसआई से तीन बदमाशों ने छीनी पिस्टल, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**उज्जैन/बड़नगर, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** बड़नगर में बुधवार रात ढाबे पर खाना खाने जा रहे एएसआइ को तीन बदमाशों ने मदद के बहाने हाथ देकर रोक लिया। इसके बाद तीनों ने एएसआइ से उसकी सर्विस पिस्टल छीन ली। जिस पर एएसआइ ने तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी। पुलिस ने रात में ही घेराबंदी कर तीनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों से पिस्टल बरामद कर ली गई। तीनों आरोपित भागने के दौरान गिरकर घायल हो गए। तीनों के खिलाफ पुलिस रासुका के तहत कार्रवाई कर रही है।

उज्जैन एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि बड़नगर थाने में पदस्थ एएसआइ गोवर्धनदास बैरागी बुधवार रात को ड्यूटी पर जाने से पहले खाना खाने के लिए ढाबे पर जा रहे थे। उसी दौरान धाकड़ किराना दुकान के समीप तीन व्यक्ति एक बाइक लेकर सड़क किनारे खडे थे। तीनों ने बैरागी को हाथ देकर मदद के बहाने रोक लिया। एएसआइ बैरागी ने जैसे ही बाइक रोकी तीनों ने उनके साथ मारपीट कर सर्विस पिस्टल मय कारतूस छीन ली और वहां से भाग निकले।

जिसके बाद एएसआइ बैरागी ने तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को घटनाक्रम की जानकारी दी। पुलिस ने कन्या स्कूल जाफला रोड पर घेराबंदी कर तीनों आरोपित संजय उर्फ सुनील उर्फ टारजन पुत्र शोभाराम कीर उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम मिंडका भाटपचलाना, अभिषेक पुत्र तेजूसिंह पंवार उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम जाफला, अजय पुत्र सुभाष विश्वकर्मा उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम ढोलाना बदनावर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस से बचने के दौरान तीनों आरोपित गिरकर घायल हो गए। एक आरोपित की पैर की हड्डी टूटी, वहीं दो आरोपितों के हाथों की हड्डी टूट गई। आरोपितों को पकड़ने के दौरान टीआइ मनीष दुबे भी घायल हो गए। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से पिस्टल व पांच कारतूस बरामद कर लिए।



**पेट्रोल पंप पर काम करते हैं तीनों आरोपित**–पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपित पेट्रोल पंप पर काम करते हैं। तीनों ढाबे पर खाना खाने के लिए गए थे। जहां इन्होंने शराब भी पी थी। इसके बाद तीनों ने वारदातों को अंजाम दिया था। तीनों वारदात के बाद स्कूल में जाकर छुप गए और सो गए थे। आरोपित टारजन के खिलाफ मारपीट के दो तथा अजय के खिलाफ आर्म्स एक्ट का एक केस दर्ज है।

**आरोपितों पर रासुका की कार्रवाई**–एसपी शर्मा ने बताया कि तीनों आरोपितों ने पुलिसकर्मी पर हमला कर उससे पिस्टल छीनी है। उस दौरान पुलिसकर्मी वर्दी में था। यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा है। इसलिए तीनों के खिलाफ रासुका के तहत भी कार्रवाई की जा रही है।

**दो दिन में पुलिस पर हमले की दूसरी वारदात**–पुलिस पर हमले की यह दो दिन में दूसरी वारदात है। मंगलवार को नीलगंगा थाने के प्रधान आरक्षक राहुल कुशवाह के साथ आरटीओ कार्यालय के समीप पंकज माहेश्वरी नामक युवक ने मारपीट की थी। नाक में चोट आने पर कुशवाह को अस्पताल में भर्ती किया गया था।



## मतदाताओं को जागरूक करने के लिए दिलाई जा रही शपथ

**मंदसौर, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए शपथ दिलाई जा रही हैं। ''हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतान्त्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे । तरह तरह की गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। यह गतिविधि हाट बाजार, मेलो, चौराहों पर की जा रही है। साथ मतदान केंद्रों पर जाकर ईवीएम को चलाना, मतदान का महत्व, लोकतंत्र का महत्व आदि के बारे में मतदाताओं को बताया जा रहा है। जिससे मतदाताओं में जागरूकता उत्पन्न हो।

## हमला करने वाले आरोपियों को 7-7 वर्ष का कारावास एवं अर्थदण्ड

**मंदसौर, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** पंचम अपर सत्र न्यायधीश महोदय मंदसौर द्वारा आरोपीगण 1. जितेन्द्र उर्फ जीतू पुत्र उदयलाल मीणा, उम्र 29 वर्ष, 2. कैलाश उर्फ पप्पू पुत्र मांगीलाल मीणा, उम्र 53 वर्ष, 3. अशोक पुत्र मांगीलाल मीण, उम्र 50 वर्ष, 4. गोविंद पुत्र बद्रीलाल, उम्र 55 वर्ष, 5. सुरेश पुत्र देवराम मीणा, उम्र 40 वर्ष, 6. रामकिशन उर्फ किशनलाल पुत्र भंवरलाल मीणा, उम्र 29 वर्ष, 7. मनोहर पुत्र सुरेशचंद्र मीणा, उम्र-25, 8.उदयलाल पुत्र रामकिशन मीणा, उम्र-60 9. पवन पुत्र उदयलाल मीणा, उम्र-31, समस्त आरोपीगण निवासी ग्राम लसुडियाईला, जिला मंदसौर को फरियादी को जान से मारने के आशय से मारपीट करने का दोषी पाकर 07-07 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 2000-2000 रूपये जुर्माने से दंडित किया गया। अभियोजन मीड्यिा सेल प्रभारी दीपक जमरा द्वारा घटना के संबंध में बताया कि दिनांक 08.06.2014 को प्रात: 08:30 बजे बलदेव मीणा खेत की मेढ पर हुए झगडे के संबंध में उदयलाल से राजीनामा कराने के लिए फरियादी आशुतोष मीणा को आरोपी सुरेश मीणा के घर बुलाकर ले गया था तब आरोपी ने राजीनामा करने से मना कर दिया एवं आरोपी उदयलाल, रामकिशन, सुरेश, अशोक, पप्पू, गोविंद, पवन, जीतू, श्यामलाल एवं मनोहर सभी एकमत होकर लाठी लेकर आ गये और सभी ने फरियादी को घेरकर जान से मारने की नियत से मारपीट करने लगे। अरोपी उदयलाल ने फरियादी को जान से मारने की नियत से सिर पर लाठी मारी तो वह गिर गया तो अन्य आरोपीगण ने उसके हाथों व शरीर पर भी मारपीट की एवं आगे नहीं जाने दिया, मौके पर युवराज और ईश्वरलाल बचाने आए थे तो आरोपीगण ने उनकी भी लाठियों से मारपीट की थी एवं उन लोगों को जान से मारने की धमकी दी थी। उक्त घटना पर आरक्षी केन्द्र भावगढ में अपराध क्रमांक 322/2014 पर अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। विचारण के दौरान प्रकरण में न्यायालय के समक्ष अभियोजन अधिकारी द्वारा रखे गये तथ्यो व तर्को से सहमत होकर साक्ष्य के आधार पर माननीय न्यायालय द्वारा आरोपीगण को दोषसिद्ध किया। प्रकरण में अभियोजन का सफल संचालन अपर लोक अभियोजक भगवानसिंह चौहान द्वारा किया गया।



### लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका...

## उमरावसिंह गुर्जर ने भाजपा का दामन थामा

**नीमच, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** विधानसभा चुनाव में नीमच विधानसभा से कांग्रेस से प्रत्याशी रहे उमराव सिंह गुर्जर ने कांग्रेस का साथ छोड़ बीजेपी की सदस्यता ग्रहण कर ली। उमरावसिंह गुर्जर ने भोपाल में एमपी के सीएम डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष वी.डी शर्मा उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा और नीमच मंदसौर क्षेत्र के सांसद सुधीर गुप्ता नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार और राज्यसभा सदस्य बंशीलाल गुर्जर, नीमच भारतीय जनता पार्टी के लोकप्रिय जिला अध्यक्ष भाई पवन जी पाटीदार की की मौजूदगी में बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की।

## अरविंद केजरीवाल को ईडी ने किया गिरफ्तार



**नई दिल्ली, 21 मार्च।** ईडी ने गुरुवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया है। दो घंटे से भी ज्यादा लंबी पूछताछ के बाद दिल्ली सीएम को गिरफ्तार किया है। सीएम की गिरफ्तारी दिल्ली शराब घोटाले में हुई है। इस मामले में यह 16वीं गिरफ्तारी हुई है।

बता दें कि शाम 7 बजे ईडी की टीम सीएम के सरकारी आवास पर पहुंची थी। ईडी ने 2 घंटे से भी ज्यादा लंबी चली पूछताछ में 20 से ज्यादा सवाल पूछे थे। सूत्रों ने बताया कि केजरीवाल ने कई सवालों के जवाब नहीं दिए। वहीं इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया। अब इसके बाद अरविंद केजरीवाल को आईडी के कार्यालय ले जाया गया। इधर दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। हालांकि, खबर लिखे जाने तक सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई नहीं हो पाई थी।

# नारायणगढ़ में शांति समिति बैठक संपन्न



**नारायणगढ़, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर पुलिस द्वारा जनहित में जारी सोशल मीडिया अपराध से बचे ओर अपनों को भी बचाए आपकी नादानी ओर मनोरंजन की वजह से आप कंही अपराधी न बन जाए , हो जाए सतर्क , जागरूक ओर जिम्मेदार बने मंदसौर प्राशासन ओर पुलिस प्राशासन की समीक्षा के उपरांत जिला दंडाधिकारी द्वारा सोशल मीडिया पर लागू की गयी सम्पूर्ण जिले मे धारा 144 फेसबुक वाटसएप ट्विटर इंस्टाग्राम मेसेन्जर सोशल मीडिया एप या फोन काल पर भ्रामक, भड़काऊ, अश्लील ओर अवैधानिक संदेशो के प्रसारण से सुरक्षित ओर सतर्क रहे वर्तमान परिवेश मे सायबर फ्राड अत्याधिक सक्रीय होकर नित्य नवीन तरीके अपनाते हुए सामान्य लोगो के साथ वित्तीय धोखाधडी की घटनाओं को अंजाम दे रहें हैं वर्तमान में सायबर ठगो द्वारा एम.पी. ऑनलाईन, कियोस्क सेन्टर व आनलाईन फण्ड ट्रांसफर करने वाले एजेन्टों को अपना शिकार बनाया जा रहा हैं अत: मन्दसौर पुलिस सम्पूर्ण जिले में एम.पी. ऑनलाईन, कियोस्क सेन्टर व आनलाईन फण्ड ट्रांसफर कार्य संचालन करने वाले समस्त नागरिको से जनहित मे जारी इन निम्न बिन्दुओ का पालन करने हेतु विशेष अनुरोध ओर अपील की जाती है।

यदि कोई अन्जान व अज्ञात वयक्ति आपके कियोस्क या एम.पी.ऑन लाईन सेन्टर पर उपस्थित होकर आपके खाते में कॅही से पैसे स्थानानन्तरित करवा कर उसके बदले केश पैसा लेने का अनुरोध करता हैं तो विशेष सर्तकता व सावधानी बरती जावे उस व्यक्ति के बारे में अत्याधिक जानकारी एकत्र कर ले कॅही ऐसा न हो कि वो किसी फ्राड की राशी आपके खाते में जमा करवा कर आपसे नगद राशी प्राप्त कर रहा हैं इसके परिणामत: आपका खाता ब्लाक हो सकता हैं तथा फ्राड की राशी आपके खाते में जमा होने से आप आरोपी बन सकते हैं । व बीना जान पहचान के व्यक्तियों के कहने अनुसार अपने खाते में राशी जमा न करावे पूर्ण रूपेण तस्दीक व जॉच उपरान्त ही कार्यवाही करे। ऐसे कोई भी अन्जान या बाहरी व्यक्ति के बहकावे में न आवे तथा प्रत्येक आहरण कराने वाले व्यक्ति का आधार कार्ड अथवा परिचय पत्र इत्यादि पहचान पत्र मोबाईल नम्बर जरूर प्राप्त कर रिकार्ड रखा जावें। जागरूक रहकर जिम्मेदार बने, जानकारी और जागरूकता ही सायबर अपराधों से बचाव हैं।

## मछली चोरी कर ले जाते पकड़ा

**पिपलियामंडी, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** गांधीसागर जलाशय से मछली चोरी कर ले जाते आरोपी को पुलिस ने पकड़ा। नाहरगढ़ पुलिस ने कचनारा चोपाटी पर एक व्यक्ति को रोका, तलाशी लेने पर 70 किलो मछली बरामद हुई। जो आरोपी गांधीसागर जलाशय से चोरी कर ले जा रहा था। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपनी पहचान बसई (सुवासरा) निवासी कैलाश पिता शोभाराम भोई को पकड़ा। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया।

पुराने पंखे, कुलर व अलमारी पर मन पसंद कलर करवाईये
अजन्ता पेन्टर
अम्बेडकर चौराहा मंदसौर
7089832581

इंदौर के मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर त्वचा रोग विशेष एवं डर्मेटोलेजर सर्जन
डॉ. परीक्षित शर्मा
एम.डी. (स्कीन)
शनिवार दिनांक 23 मार्च को शाम 5 से रात 8 और रविवार 24 मार्च को सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे।
सुविधाएं-✻ चेहरे के कील-मुहासे, चोट व चेहरे के निशान, ऑखों के नीचे कालापन, चेहरे व हाथों का कालापन, ✻ एक्जीमा, सोरियासिस, सफेद दाग का इलाज व सर्जरी, ✻ शरीर पर तिल व मस्सों (Warts) को मशीन द्वारा हटाना, ✻ गर्भावस्था में होने वाले स्ट्रेचमार्क्स की चिकित्सा, ✻ असमय झड़ते बालों का आधुनिक पद्धति से ईलाज, ✻ शरीर पर टेटू (गोदना) को मशीन द्वारा हटाना, ✻ लेजर मशीन द्वारा अनचाहे बालों से छुटकारा, ✻ बच्चों व बुजुर्गो की त्वचा संबंधित समस्याएं, ✻ नाखुन में होने वाले रोगों का उपचार, ✻ सौन्दर्य परामर्श (Cosmetic Consultation)
करजूवाला कम्पाउण्ड, पमनानी हॉस्पिटल के पीछे, स्टेशन रोड़, मंदसौर सम्पर्क-9424813088

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in